

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

**● क्या भाजपा के संभावित अध्यक्ष के नाम आरएसएस को भेजे जाएंगे?**

बताया जा रहा है कि 22 मार्च को बेंगलुरु में होने वाली बैठक में नए बीजेपी अध्यक्ष के लिए आरएसएस को तीन नाम भेजे जा सकते हैं। बेंगलुरु में नेताओं की बैठक होने वाली है। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और मनोहर लाल खट्टर के नाम आगे बढ़ाए जा सकते हैं।

**● आरएसएस अपना अलग नाम दे सकता है**

सूत्रों ने बताया कि अगर आरएसएस को भाजपा द्वारा सुझाए गए नाम पसंद नहीं आए तो वह भाजपा चिएल के लिए अपना नाम दे सकता है।

## प्रशासनिक

**● आईपीएस निवेदिता नायडू ने उमरिया में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए वर्जनाओं को तोड़ा**



आईपीएस निवेदिता नायडू मध्य प्रदेश कैडर की 2016 बैच की अधिकारी हैं और वर्तमान में उमरिया, एमपी में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात हैं। कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए जानी जाने वाली, जिले के लिए उनका दृष्टिकोण नियमित जिम्मेदारियों से परे अक्सर अनदेखा किए जाने वाले मासिक धर्म स्वच्छता के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने बताया, हम वैकल्पिक मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच में सुधार लाने पर काम कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना और पहुंच में सुधार लाना है, विशेष रूप से मासिक धर्म कप को लक्षित करना। इसके साथ, नायडू मासिक धर्म कप के बारे में सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ रही हैं और उनके उपयोग से जुड़ी गलत धारणा और झिझक को चुनौती दे रही हैं। उन्होंने बताया, हम इस जागरूकता को आगे बढ़ाने के लिए प्रशिक्षकों-आशा कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। नायडू के नेतृत्व में, इस अनूठी और अनोखी पहल के तहत 200 से अधिक आशा कार्यकर्ताओं और महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है।

**● 15 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम परिसमापन के अधीन**

भारत सरकार के 15 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) परिसमापन के दौर से गुज़र रहे हैं। ये हैं: रेरोल बर्न लिमिटेड (आरबीएल), टायर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल), भारत ऑप्थाल्मिक ग्लास लिमिटेड (बीओजीएल), माइनिंग एंड एलाइड मशीनरी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएएमसी), भारत प्रोसेस एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स लिमिटेड (बीपीएमईएल), भारत ब्रेक्स एंड वाल्व्स लिमिटेड (बीबीवीएल), साइकिल कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल), रिहैबिलिटेशन इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरआईसीएल), भारत यंत्र निगम लिमिटेड (बीवाईएनएल), त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड (टीएसएल), नेशनल इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनआईडीसी), टैनरी एंड फुटवियर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीएएफसीओ), हिंदुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसी), नागालैंड पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड (एनपीपीसी) और हिंदुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड।

**● क्या एजीएम ने आईबीए के आधिकारिक नामों को मंजूरी दे दी है?**

सूत्रों की मानें तो सोमवार को मुंबई में हुई एजीएम में नए चेयरमैन और कुछ अन्य पदाधिकारियों के नाम पर मुहर लग गई है। बताया जा रहा है कि चेयरमैन पद के लिए सीएस शेट्टी के नाम की सिफारिश की गई है।

**● आईबीए की एमसी अंतिम मुहर लगाएगी**

सूत्रों ने बताया कि प्रबंधन समिति (एमसी) एजीएम की सिफारिशों पर अंतिम मुहर लगाएगी। इसका मतलब है कि एमसी सीएस शेट्टी को नए आईबीए चेयरमैन के तौर पर नियुक्त करने को अंतिम मंजूरी देगी। एमसी की बैठक जल्द ही होगी।

**● विदेश मंत्रालय को मिलेगा नया सचिव!**

विदेश मंत्रालय में जल्द ही नए सचिव की नियुक्ति की जा रही है। क्या विदेश मंत्रालय फिर से सबसे वरिष्ठ महिला को नजरअंदाज करेगा?

**● कमलेश कुमार को हिंदुस्तान साल्ट्स के सीएमडी के रूप में विस्तार मिलने की संभावना नहीं**

हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कमोडोर कमलेश कुमार का कार्यकाल इस साल अगस्त में समाप्त हो रहा है। उन्हें इस पद पर विस्तार मिलने की संभावना नहीं है, क्योंकि भारत सरकार ने इस पद के लिए विज्ञापन दिया है।

**● सुश्री उषा सिंह ने पुरुष प्रधान प्रबंधन में अपनी योग्यता साबित की**



सुश्री उषा सिंह पुरुष प्रधान प्रबंधन की प्रधानता में अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। वह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के 700 बोर्ड सदस्यों में से 27 महिला बोर्ड सदस्यों में से एक हैं। मॉयल लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में शामिल होने से पहले, वह एनएमडीसी में कार्मिक, मानव संसाधन विकास, सीएसआर, प्रशासन और अन्य संबंधित कार्यों की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी निदेशक (कार्मिक और प्रशासन) थीं। वह एनएमडीसी में व्यवसाय विकास और कॉर्पोरेट योजना कार्यों की भी कमान संभाल रही थीं। वह एक इंजीनियरिंग स्नातक और एमबीए हैं, जिनके पास 30 से अधिक वर्षों का पेशेवर अनुभव है। उन्होंने लगभग 25 वर्षों तक सेल के लिए काम किया, जिसमें से वह 8 वर्षों से अधिक समय तक सेल के अध्यक्ष की तकनीकी सलाहकार रहीं। सुश्री सिंह को 2020 में वैश्विक स्तर पर खनन में शीर्ष 100 प्रेरणादायक महिलाओं में से एक चुना गया है उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में कई शोधपत्र लिखे एवं प्रस्तुत किये हैं।

**● अमरान फारूक सीबीआई का एसपी नियुक्त**

अमरान फारूक को चार साल की अवधि के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का पुलिस अधीक्षक (एसपी) नियुक्त किया गया है। वह 2008 बैच के जेकेपीएस अधिकारी हैं।

# योगी सरकार के आठ साल बेमिसालः विकास का पर्याय बना उत्तरप्रदेश

## जेवर में बन रहा देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट, फिल्म सिटी का सपना भी हो रहा साकार

ग्रेटर नोएडा



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के माध्यम से विगत 8 वर्षों से निरंतर औद्योगिक और आर्थिक प्रगति की नई मिसाल बन रहा है।**

जेवर में देश का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी और विभिन्न औद्योगिक पार्कों के विकास से राज्य न केवल निवेश आकर्षित कर रहा है, बल्कि रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी अग्रणी बन रहा है। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट (यूपीजीआईएस-2023) और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-04) जैसे आयोजनों ने इस प्रगति को और मजबूती दी है।

**निवेश और रोजगार का नया दौर**-यूपीजीआईएस-2023 में यीडा ने 165 एमओयू के जरिए 1,88,970.18 करोड़ रुपए का निवेश हासिल किया, जो तय लक्ष्य से 236.21 प्रतिशत अधिक है। इससे 4,53,339 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। वहीं, जीबीसी-04 में 45,148.41 करोड़ रुपए का निवेश धरातल पर उतारा गया, जो लक्ष्य से 103.19त्न अधिक है और 1,32,663 लोगों को रोजगार देने में मददगार बन रहा है।

**क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास**-विगत 8 वर्षों में यीडा ने एमएसएमई पार्क, टॉय सिटी, हैंडीक्राफ्ट पार्क, अपैरल पार्क, डाटा सेंटर पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसे क्लस्टर आधारित उद्योगों का विकास किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में 152 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के साथ 27,521.99 करोड़ रुपए का निवेश और 16,405 रोजगार का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

**मेडिकल डिवाइस पार्क की शुरुआत**-सेक्टर-28 में 439.40 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 74 भूखंडों का आवंटन हो चुका है। इससे 3,800 करोड़ रुपए का निवेश और 15,000 रोजगार सृजित होंगे। इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां मिल रही हैं।

**जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी बने विकास के नए आयाम**-जेवर में 1,334 हेक्टेयर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पीपीपी मॉडल पर आधारित है। ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी द्वारा प्रथम चरण में 5,730 करोड़ रुपए के निवेश से 12 मिलियन यात्रियों की क्षमता वाला यह एयरपोर्ट 2025 में शुरू होने जा रहा है। 72.26 किमी लंबे रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) से जेवर एयरपोर्ट को गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण से जोड़ा जाएगा। 20,637 करोड़ रुपए की इस परियोजना का डीपीआर भारत सरकार को भेजा गया है। इसी तरह, सेक्टर-21 में 1,000 एकड़ में बन रही अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के पहले चरण में बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी 230 एकड़ में निर्माण कर रही है।

# व्यापारियों से संवाद बनाकर राजस्व संग्रह के तय लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए : मुख्यमंत्री

लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार रात राज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से संवाद बनाकर टीम भावना के साथ राजस्व संग्रह के लिए तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के सुनियोजित प्रयास किए जाएं।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के प्रयासों से प्रदेश में जीएसटी/वैट संग्रह में सतत बढ़ोत्तरी हो रही है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपये राजस्व संग्रह के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में नियोजित प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य कर विभाग द्वारा किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। उत्तर प्रदेश में जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों की संख्या देश में सर्वाधिक है। जीएसटी पंजीयन के लिए किए जा रहे जागरूकता प्रयासों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023-24 में क्रियाशील कुल पंजीकृत व्यापारियों की संख्या 17.2 लाख थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 19.9 लाख हो चुकी है। पंजीयन आधार को अधिकाधिक बढ़ाने का प्रयास निरंतर जारी रखा जाए और व्यापारियों से निरंतर संवाद बनाया जाए। जीएसटी रिटर्न दाखिल करना हर व्यापारी का कर्तव्य है। यह सुखद है कि उत्तर प्रदेश रिटर्न दाखिल करने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। व्यापारियों को रिटर्न दाखिल करने के बारे में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

जीएसटी की कर प्रणाली में समस्त कार्य ऑनलाइन किए जाने से अनेक प्रकार के डेटा उपलब्ध हैं। आईटी टूल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से डेटा विश्लेषण करते हुए राजस्व संग्रह के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

# अप्रैल से राज्य कर्मचारियों के लिए मानव संपदा पोर्टल अनिवार्य

लखनऊ

**प्रदेश सरकार ने राज्यकर्मियों के लिए 1 अप्रैल से मानव संपदा पोर्टल पर ही एपीआर (वार्षिक संपत्ति विवरण) और एसीआर (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट) ऑनलाइन भरना और छुट्टी के लिए आवेदन करना अनिवार्य कर दिया है।**

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि 17 जनवरी को शासनादेश जारी करते हुए इसे अनिवार्य किया गया था। इसके बाद भी देखने में आया है कि इसका पालन अनिवार्य रूप से नहीं किया जा रहा है, इसीलिए 1 अप्रैल से मानव संपदा पोर्टल पर सर्विस बुक भरना, छुट्टी, वार्षिक संपत्ति विवरण (एपीआर), वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर), वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर), वेतन आहरण, कार्यमुक्ति व कार्यग्रहण करने का काम अनिवार्य रूप से ऑनलाइन किया जाएगा। मेरिट बेस्ड ऑनलाइन स्थानांतरण के संबंध में यथा समय स्थानांतरण नीति के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# नहीं चली सासंद - विधायकों की पैरवी, चौंकाने वाले रहे कई नाम, चुनौतियां अब भी बाकी

लखनऊ

**लंबे चिंतन-मनन के बाद भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की गई है। इसका फायदा यह हुआ कि इनके चयन को लेकर सार्वजनिक तौर पर होने वाली तकरार रोकने में तो भाजपा सफल रही है, लेकिन चुनौतियां अब भी बरकार हैं।**

तमाम जिलों में चयन को लेकर दावेदारों के बीच पनपे असंतोष से पार पाना बड़ी चुनौती है। माना जा रहा है कि यह चुनौती सिर्फ पार्टी नेतृत्व के सामने नहीं आएगी, बल्कि नए जिलाध्यक्षों के सामने भी असंतुष्ट दावेदारों के साथ समन्वय बनाकर काम करना बड़ा टास्क होगा। पार्टी नेतृत्व ने इस बार संगठन चुनाव को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए कई मानक तय किए थे। यह भी तय किया गया था कि किसी भा सांसद, विधायक या पार्टी के बड़े नेताओं की सिफारिश के बजाय कर्मठता और पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जाएगी। पार्टी के संगठनकर्ताओं ने इस फॉर्मूले पर कुछ हद तक अमल करने की कोशिश भी की है, फिर भी तमाम जिलों में जिलाध्यक्षों का चयन चौंकाने वाला है। कई जिलों में ऐसे तमाम पुराने और कॉडर के लोगों ने दावेदारी कर रखी थी, जो विगत कई वर्षों से पार्टी का झंडा ढो रहे हैं और दरी बिछाते रहे हैं। पार्टी सूत्रों का तो यह भी कहना है कि कई जिलों में तो बहुत ही कर्मठ और प्रभावशाली कार्यकर्ताओं ने भी दावेदारी कर रखी थी, लेकिन उनकी न तो किसी ने सिफारिश की और न ही यह बात चयनकर्ताओं तक ही पहुंच पाई। सूत्र बताते हैं कि कुछ नाम तो ऐसे भी थे, जो जिले के पैनल में सबसे ऊपर थे, लेकिन संगठनकर्ताओं के सामने गलत फीडबैक देकर उनके स्थान पर सिफारिशी लोगों की ताजपोशी करी दी गई है। ऐसी स्थिति तमाम जिलों में है। लिहाजा कई जिलों में पार्टी के लिए दशकों से मेहनत करने वाले दावेदारों में भीतर ही भीतर आक्रोश बढ़ने की बात कही जा रही है। हालांकि अभी तक किसी भी जिले में विरोध के स्वर सार्वजनिक नहीं हुए हैं, लेकिन भीतर ही भीतर असंतोष की आग धधक रही है।

# सैंकड़ों संविदा कर्मचारियों को किया जाएगा स्थायीः सुको

नई दिल्ली (एजेंसी)।

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार की याचिका खारिज करते हुए सर्व शिक्षा अभियान के संविदा कर्मचारियों के समायोजन का रास्ता साफ कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने आज राजस्थान काउंसिल फॉर एलीमेंट्री एजुकेशन एवं अन्य द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। इसमें कुछ कर्मचारियों के सर्व शिक्षा अभियान में समायोजन का निर्देश दिया गया था।

इस फैसले के साथ, सुप्रीम कोर्ट ने इन कर्मचारियों के लंबे समय से लंबित नियमितीकरण का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। जिससे उन कर्मचारियों को राहत मिली है जो अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता में थे। यह मामला न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुना गया, जिन्होंने दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलों पर विचार करने के बाद हाई कोर्ट के कर्मचारियों के पक्ष में दिए गए फैसले को बरकरार रखा। राजस्थान सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने पैरवी की, जबकि प्रतिवादियों की ओर से जितिन चतुर्वेदी उपस्थित रहे। इस निर्णय के साथ, सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश की पुष्टि कर दी है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि लोक जुम्बिश परिषद के तहत कार्यरत रहे कर्मचारियों को अब पूर्ण लाभों के साथ स्र्र में समायोजित किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं (राजस्थान सरकार) ने तर्क दिया था कि ये कर्मचारी प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से भर्ती किए गए थे और उन्हें सीधे समायोजन का अधिकार नहीं था। हालांकि, हाई कोर्ट ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया, यह कहते हुए कि वे आवश्यक शैक्षिक कार्य कर रहे थे और उन्हें समान रूप से अवसर मिलना चाहिए।

## टेरर फंडिंग केसः सांसद इंजीनियर रशीद की जमानत पर टला आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के सांसद शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर 21 मार्च को आदेश सुनाएगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह को बुधवार को आदेश पारित करना था। हालांकि उन्होंने फैसला टाल दिया। न्यायाधीश ने 10 सितंबर को इंजीनियर रशीद को अंतरिम जमानत दी थी, ताकि वह जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार कर सकें।

इससे पहले न्यायाधीश ने रशीद के पिता के स्वास्थ्य के आधार पर उनकी अंतरिम जमानत अवधि 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी। इससे पहले राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कहा था कि उसने दस्तावेजों का सत्यापन कर लिया है और आरोपी के पिता के स्वास्थ्य के आधार पर वह आवेदन का विरोध नहीं कर रही है। रशीद पर 2017 के आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चल रहा है। एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह 2019 से तिहाड़ जेल में बंद है। नब्बे सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए चुनाव 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक तीन चरणों में हुए थे।

## बीएसएफ एवं रेंजर्स में विवाद

जैसलमेर (एजेंसी)। राजस्थान में पश्चिमी सीमा पर बाड़मेर क्षेत्र में भारत पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मुनाबाव एवं गड़रा क्षेत्र के सामने पाकिस्तान द्वारा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बनाये गये भूमिगत बंकर को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कड़ी आपत्ति के बाद पाकिस्तान रेंजर ने ध्वस्त करना शुरु कर दिया है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी अवयस्क पुत्री के पूर्व में बने पासपोर्ट में उसका नाम रेवा लोहानी दर्ज है अब उसका उपनाम/सरनेम को बदलकर उसका पूरा नाम रेवा जोशी माता स्मिता जोशी निवासी - 73 आकाश नगर, कोटरा सुल्तानाबाद,भोपाल मध्य प्रदेश पिन- 462003 हो गया है। मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

3907

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार Truhome Finance Ltd. (Formerly known as "Shriram Housing Finance Ltd.), भोपाल कार्यालय तृतीय तल, प्लाट नं. 7. क्वालिटी बिजनेस सेंटर, जोन-2 एम. पी. नगर, भोपाल 462011 (म.प्र.) द्वारा श्री एम. सेम्युअल आत्मज श्री मटकुट्टी की सम्पत्ति (जिसमें उन्हें उनके पत्नी अचम्मा सेम्युअल की मृत्यु के पश्चात उनका हिस्सा नामांतरण से प्राप्त हुआ है) एक फ्लैट नं. एच.आई.जी. एफ-20. प्रथम तल, क्षेत्रफल 997 वर्गफिट स्थित व्ही. डी. नायर कॉम्पलेक्स, सी-ब्लाक, भूमि खसरा नं. 21 रकबा 1.00 एकड़ के भाग पर नेताजी गृह निर्माण संस्था कॉलोनी, ग्राम दामखेड़ा, प.ह.नं. 39 तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.), जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूर्व में ओपन टू स्काई, पश्चिम में ओपन टू स्काई, उत्तर में फ्लैट नं. 23. दक्षिण में सीढ़ियां एवं फ्लैट नं. एफ-19 है, को सम्यक् बंधक करके ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है । यदि उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करने में सर्वसाधारण, किसी शासकीय, अशासकीय, किसी बैंक या वित्तीय संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का कोई लेना देना निकलता हो, उनके पक्ष में ऊपर वर्णित सम्पत्ति विक्रय, बंधक, सम्यक् बंधक, दान या किसी प्रकार से हस्तांतरण आदि की गयी हो या उससे संबंधित विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत कर दें, समयावधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करके उक्त ऋण सुविधा प्रदान कर देंगे तथा भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, अधिवक्ता**
फ्लैट नं. सी-106 प्रथम तल, चन्दन ब्लाक चिनार रिट्रीट, जीवन मोटर्स के पीछे अरेरा हिल्स भोपाल-462011 (म.प्र.)
मो. नं. 9827223510, 7987467025

3906

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार के द्वारा रिद्वी होम्स समरधा, कलियासोत, भोपाल म.प्र. के प्लाट क्रमांक 11 एवं 12 स्थित भूमि खसरा क्रमांक 242/1/1 को क्रय करने का सौदा कर विक्रय प्रतिफल राशि अदा की जा चुकी है, उक्त प्लाटों के विक्रय व अंतरण पर जिस किसी व्यक्ति, सरकारी व गैर सरकारी संस्था, बैंक, सहकारी समिति, साहुकार आदि का कोई हित हो अथवा उक्त प्लाट किसी शासकीय अथवा अशासकीय संस्था में बंधक आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के 07 दिवस में मेरे कार्यलय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समय अवधि उपरांत कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त प्लाटो के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा।

**हिम्मत सिंह मीणा, अधिवक्ता**
128 बी, महावीर नगर, फेस-1, मण्डीदीप
मो.न. 9575593300

3905

**जाहिर सूचना**
**नाम परिवर्तन के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अशोक कुमार खरब आत्मज श्री रणबीर सिंह खरब था, मेरी माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल परीक्षा वर्ष 1985 कक्षा 11 वी की अंक सूची में मेरा नाम अशोक कुमार खरब दर्ज है। मैंने अपने पूर्व के नाम अशोक कुमार खरब को परिवर्तित कर अशोक खरब कर लिया है। मैं अपने पुराने नाम अशोक कुमार खरब का त्याग कर चुका हूं तथा वर्तमान में मुझे अशोक खरब के नाम से जाना व पहचाना जाता है। अब हर मौके पर हर विवरण एवं समस्त दस्तावेजों में मुझे मेरे नये नाम अशोक खरब से ही संबोधित करें।

पुराना नाम- अशोक कुमार खरब
**नया नाम-अशोक खरब**

**मयंक उपाध्याय, अधिवक्ता**
पता-यूजीएफ-04, अलकनंदा काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल।
मो. 9826424040

3904


## आपका राशिफल 20 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक 2 5 8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): दिन भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचें। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-1-2-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7